>

Title : Need to provide funds from NABARD for the completion of North Koel Irrigation Project in Jharkhand.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद बिहार प्रांत का एक अत्यंत पिछड़ा इलाका है। उग्रवाद से प्रभावित होने के कारण यहां औद्योगिक विकास की गति शून्य है तथा कृषि ही जीवनयापन का एकमात्र आधार है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत भूमि की सिंचाई उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना पर निर्भर है। इस परियोजना का कार्य वर्ष 1975 में प्रारंभ हुआ, किंतु विभिन्न सरकारों की अनदेखी के कारण यह परियोजना आज तक अधूरी है। इस परियोजना का बांध और बेराज झारखंड प्रदेश में है किंतु नहर का 85 प्रतिशत अंश बिहार प्रांत में है तथा इससे 85 प्रतिशत सिंचाई बिहार में होनी है।

झारखंड राज्य के अस्तित्व में आ जाने के बाद यह समस्या अंतर्राज्यीय हो गई है। इस परियोजना के पूरी होने में सबसे अहम बात यह है कि बांध में लोहे का फाटक लगाया जाना शेष है। मुख्य नहर एवं शाखा नहरों के निर्माण का कार्य लगभग संतोषजनक स्थिति में है किंतु फाटक नहीं होने के कारण जल का भंडारण नहीं हो पाता है और पानी नदी में बहकर बर्बाद होता है। इस परियोजना के पूरा होने से बिहार एवं झारखंड दोनों ही राज्यों के अत्यंत पिछड़े जिलों जैसे गया, औरंगाबाद पलामू आदि में समुचित सिंचाई हो पाएगी।

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बहुप्रतीक्षित अंतर्राज्यीय सिंचाई परियोजना को नाबार्ड से लोन उपलब्ध कराने का अनुरोध स्वीकार कर इस परियोजना को आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायी जाये जिससे परियोजना का शेष कार्य शीघ्र पूरा हो सके।